हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
रविवार 31 मई 2026 बर्ष 02 अंक 143 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।

# मंत्री ने सीमा में पीसीसी ढलाई पथ का किया उद्घाटन, सूबे की सरकार हर समाज के लिए कर रही काम : श्रवण कुमार

## मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना से बदली बिहार के गांवों की तस्वीर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना जन–संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को नाहूब पंचायत के सीमा गांव में 5 लाख 54 हजार 900 रुपये की लागत से एनएच82 तीन मुहानी से मुन्ना यादव के घर तक ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सूबे में विकास की गंगा बह रही है। हर गांव व सूबे को सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है। सूबे की एनडीए सरकार हर समाज के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना से गांवों की तस्वीर बदली है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांवों को विकसीत कर स्मार्ट बनाने का काम किया है। अब गांवों में भी लोगों को शहरों के जैसी सुविधाएं मिल रही है। हर गांव में बिजली, पानी, नल का जल मिल रहा है। इससे लोगों को काम में सहूलियत हो रही है। सूबे की सरकार किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें उन्नत किस्म का बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराकर कृषि को बढ़ावा देने का काम कर रही है। इससे किसानों की उपज में बढ़ोत्तरी होगी और किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। वहीं सूबे की सरकार जीविका के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। जीविका से जुड़कर महिलाएं हुनरमंद बनी हैं।



वे आत्मनिर्भर हो रही है। इससे उनके परिवार की स्थिति में भी सुधार हुआ है। आने वाले समय में बिहार और भी तेजी से विकास करेगा। केन्द्र की सरकार और बिहार की सरकार दोनों मिलकर सबों का विकास करना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस मौके पर जदयू के वरीय नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, जदयू प्रखंड मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, अजीत कुमार वर्मा, अजय पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने मघड़ा स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सीसीटीवी कैमरों तथा सुरक्षा गार्डों की निगरानी में ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद है। वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के रखरखाव और साफ–सफाई की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप निर्वाचन पदा. धिकारी को निर्देश दिया कि वेयरहाउस परिसर में नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित कराई जाए तथा परिसर को सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप ईवीएम की सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# नूरसराय के दहपर में 1 से 7 जून तक होगा श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव, तैयारियां तेज, 8 जून को होगा महा भंडारा का आयोजन

## तैयारियों में जुटी आयोजन समिति; सनातन प्रेमियों का मिल रहा सहयोग

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय प्रखंड के दहपर हाई स्कूल मैदान में आगामी 1 जून से 7 जून तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा महा. ेत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस ध. ार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। आयोजन की शुरुआत 1 जून को सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। उसी दिन शाम में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथा का आयोजन लगातार 7 जून तक चलेगा, जबकि 8 जून को विशाल महाभंडारा का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस श्रीमद्भागवत कथा में वृन्दावन के मुख्य प्रवक्ता परम पूज्य श्री श्याम शुभम जी महाराज के द्वारा कथावाचन किया जाएगा इस संबंध में आयोजनकर्ता, समा. जसेवी एवं परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय लोगों एवं सनातन



धर्म प्रेमियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आयोजन समिति ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने तथा महाभंडारा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।इस मौके पर नीतीश कुमार, चुन्नू, फंटूश, शेखर मुखिया, संजय प्रसाद, सूर्यमणि, रणवीर सिंह, रविशंकर प्रसाद, डॉ. रामप्रवेश प्रसाद, रविरंजन कुमार, पिंटू, बखोरी पासवान, अरविंद पासवान मौजूद रहे।

# हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद, 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों और समर्पित अनुसंधान के आधार पर हत्या के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। माननीय एडीजे–08 (।क्श्र–08), बिहारशरीफ, नालंदा की अदालत ने हरनौत थाना कांड संख्या–308/2021, धारा 394 एवं 302 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त बब्लू कुमार उर्फ बब्लू यादव, पिता नारायण यादव, निवासी जोरारपुर, थाना हरनौत, जिला नालंदा को दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुना. ई। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 394 के तहत दोषी पाए जाने पर अदालत ने अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान, साक्ष्यों के प्रभावी संकलन तथा समय पर आरोप–पत्र दाखिल किए जाने के कारण अभियोजन पक्ष न्यायालय में आरोपों को सिद्ध करने में सफल रहा। न्यायालय के इस फैसले को अपराध के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।






# डिग्री कॉलेज के स्थान चयन को लेकर नगरनौसा में फिर भड़का विरोध

## एनएच जाम, कॉलेज को मुख्यालय में संचालित करने की मांग, सड़क जाम से घंटों बाधित रहा यातायात

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना के बाद अब इसके स्थान चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय के बजाय लोदीपुर में संचालित किए जाने के विरोध में युवाओं और स्थानीय लोगों ने नगरनौसा बस स्टैंड के समीप (चंडी–दनियावां मुख्य मार्ग) को दूसरी बार जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। धरना–प्रदर्शन में शामिल भारत की छात्र फेडरेशन (एसएफआई) की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने कहा कि वर्ष 2024 से लगातार चल रहे आंदोलन और संघर्ष के बाद नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी। लेकिन कुछ लोगों के दबाव में कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय में स्थापित करने के बजाय कैला पंचायत के लोदीपुर गांव स्थित उच्च विद्यालय परिसर में शुरू कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि डिग्री कॉलेज का संचालन तत्काल प्रभाव से नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय से शुरू किया जाए। साथ ही प्रखंड मुख्यालय के आसपास उपलब्ध सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाकर वहां कॉलेज का स्थायी भवन बनाया जाए। कॉलेज के स्थान चयन को लेकर अब क्षेत्र के लोग दो खेमों में बंट गए हैं। एक पक्ष कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय में स्थापित करने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष लोदीपुर में कॉलेज संचालन के समर्थन में खड़ा है।

लोदीपुर समर्थकों का कहना है कि वहां स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय के पास 4 एकड़ 63 डिसमिल भूमि उपलब्ध है तथा कॉलेज संचालन के लिए 20 कमरे भी मौजूद हैं। उनका तर्क है कि पर्याप्त आधारभूत संरचना होने के कारण लोदीपुर कॉलेज संचालन के लिए अधिक उपयुक्त स्थान है। साथ ही कई अन्य प्रखंडों में भी मुख्यालय से दूर कॉलेज सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।



नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बीते 11 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. संजय कुमार ने नगरनौसा डिग्री महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद कॉलेज का संचालन लोदीपुर स्थित उच्च विद्यालय परिसर से शुरू किया गया। इस निर्णय के विरोध में 20 मई को पहली बार युवाओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। इसके अगले दिन 21 मई से प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया। वहीं 30 मई को एक बार फिर आंदोलनकारियों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा और उन्होंने बस स्टैंड के समीप चक्का जाम कर दिया।



सड़क जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि डिग्री कॉलेज के स्थान चयन को लेकर छात्रों के एक गुट द्वारा सड़क जाम किया गया है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और प्रदर्शनकारियों को समझाने–बुझाने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को भी दे दी गई है। प्रशासन दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर विवाद का समाधान निकालने और यातायात को सामान्य करने के प्रयास में जुटा हुआ है।




# मारपीट मामले में चार अभियुक्तों को दो–दो वर्ष कारावास

## की सजा, प्रभावी जांच और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सुनाया फैसला

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत सशक्त साक्ष्यों एवं समय पर दाखिल की गई चार्जशीट के आधार पर मारपीट के एक पुराने मामले में न्यायालय ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए दो–दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। माननीय एडीजे–08 (एडीजे–08), हिलसा, नालंदा की अदालत ने हिलसा थाना कांड संख्या–226/1995, धारा 341, 324 एवं 149 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में चारों अभियुक्तों को दोषी पाया। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में पप्पू सिंह, पिता स्व. राजेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, पिता परमानंद सिंह, रामानंद सिंह, पिता स्व. रामावतार सिंह तथा परमानंद सिंह, पिता स्व. लक्ष्मण सिंह, सभी निवासी गुलनी गढ़पर, थाना हिलसा, जिला नालंदा शामिल हैं।न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 324/149 के तहत दोषी पाते हुए दो–दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 5,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में प्रभावी अनुसंधान, साक्ष्यों के समुचित संकलन तथा अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के कारण न्यायालय में आरोप सिद्ध हो सके और दोषियों को सजा दिलाई जा सकी।

# सबनाहुआ डीह पुल के पास रिटायर्ड डीएसपी के घर हुए चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण बीघा रोड के निकट सबनाहुआ डीह पुल के पास रिटायर्ड डीएसपी के घर से बीते 27 मई की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा सोने चांदी के जेवरात एवं 25 हजार रुपए नगद समेत कुल लगभग 15 लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित रिटायर्ड डीएसपी दिनेश पासवान के द्वारा हरनौत थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। वह घटना के बाद प्राप्त आवेदन के अनुसार पुलिस मामले की कार्रवाई करने में जुट गए थे। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने शनिवार की शाम 6 बजे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर कांड का सफलतापूर्वक उद्वेदन किया गया है। इस कांड में सनलिप्त हरनौत बाजार के पंचशील नगर मोहल्ले के अखिलेश प्रसाद के पुत्र सुमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सुमन कुमार के द्वारा पूछताछ के क्रम में दो अन्य लोगों की संलिप्ता स्वीकार की है। वही हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर महज तीन दिनों के अंदर ही घटना का सफल उद्वेदन कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कांड में सनलिप्त दो अन्य लोगों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दो अलग–अलग थाने में अपराधिक इतिहास रहा है। वही कार्रवाई के दौरान जिला सूचना इकाई टीम से आलोक कुमार, अपर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार, चंदन कुमार, सिपाही अरुण कुमार ,राकेश कुमार, चालक शुभम कुमार मौजूद थे।

# हरनौत में 50 दिवसीय अमीन सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा शुरू, स्वरोजगार का सुनहरा मौका

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार के हरेका स्थित एक निजी कॉलेज हरनौत में भूमापक (अमीन) सर्वे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। ग्रामीण विकास सह समाज कल्याण सेवा संस्थान के नियंत्रण में यह 50 दिवसीय प्रशिक्षण एक जून से शुरू होगा। इच्छुक छात्र–छात्राएं एक जून से कॉलेज परिसर में पंजीकरण एवं नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण में जमीन नापने, नक्शा बनाने की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण प्रभारी कन्हैया कुमार एवं पुष्पराज गुप्ता ने बताया कि अमीन प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद युवाओं को स्वरोजगार का बेहतर अवसर मिलेगा। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भूमि विवाद सुलझाने में इनकी सेवाएं ली जा सकेंगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत सफल छात्र–छात्राओं को संस्थान द्वारा तुरंत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मशरूम उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दो जून से

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आगामी दो जून से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसमें मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।जो पांच दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न मशरूम के प्रजातियों की जानकारी दी जाएगी। गृह विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा ने बताया कि औषधीय गुण, उत्पादन तकनीक, कीट रोग प्रबंधन, कंपोस्ट और स्पॉन निर्माण पर विस्तृत जानकारीके साझा की जाएगी ।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश छह शातिर गिरफ्तार, चोरी की तीन लग्जरी गाड़ियां, दर्जनों फर्जी नंबर प्लेट और सात मोबाइल बरामद

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले की लहेरी थाना पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के तार बिहार के कई जिलों के अलावा दिल्ली और झारखंड से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर चोरी की गई स्कॉर्पियो और होंडा सिटी जैसी महंगी गाड़ियां, दर्जनों फर्जी नंबर प्लेट तथा सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सदर डीएसपी–1 संकेत कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामले का खुलासा 23 मई 2026 को लहेरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान स्थित वैष्णवी मैरेज हॉल की पार्किंग से स्कॉर्पियो (बीआर–01 जेडी–6245) चोरी होने की घटना की जांच के दौरान हुआ। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक–सह–अनुमंडल पुलिस पदाधिक. ारी (सदर–1) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की।

**चार आरोपी बिहार से, दो झारखंड से गिरफ्तार**

जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले मुजफ्फरपुर से अजय कुमार और बिट्टू कुमार तथा वैशाली जिले से अमन कुमार और रजनीश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चारों ने वाहन चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इनकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने झारखंड की राजध. ानी रांची के लोअर बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर मोहम्मद असफान और अनस जमील को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से लहेरी थाना क्षेत्र से चोरी गई स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली।



**दिल्ली और जहानाबाद से चोरी हुई गाड़ियां भी मिलीं**

पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से लहेरी से चोरी गई स्कॉर्पियो के अलावा दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक होंडा सिटी कार (डीएल3सीसीएन0474) तथा जहानाबाद से चोरी की गई एक अन्य स्कॉर्पियो भी बरामद की है। इसके अलावा राजगीर समेत विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए चारपहिया और दोपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाली दर्जनों नंबर प्लेट भी जब्त की गई हैं। पुलिस ने अपराधियों के पास से कुल सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें चार एंड्रॉयड और तीन आईफोन शामिल हैं।

**कई थानों में दर्ज हैं आपराधिक मामले**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इनके विरुद्ध बिहार के बेलसर, पियरा, हिसुआ, जहानाबाद, राजगीर और अन्य थानों में वाहन चोरी सहित विभिन्न गंभीर ध. ाराओं के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना क्षेत्र में भी इनके खिलाफ प्रा. थमिकी दर्ज है। पुलिस फिलहाल सभी आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी किए गए अन्य वाहनों की बरामदगी की दिशा में कार्रवाई जारी है। इस सफल कार्रवाई में नालंदा जिला आसू. चना इकाई (डीआईयू) की टीम, लहेरी थानाध्यक्ष, दारोगा नीतीश रंजन, ऋतु रंजन, सर्वेश कुमार तथा सिपाही दीपक कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मेनिनजाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान कर मरीजों को तुरंत करें रेफर : डॉ. विपिन



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जनजीवक संघ की आवश्यक बैठक शनिवार को भराव स्थित संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने की। बैठक में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को प्राथमिक उपचार एवं गंभीर बीमारियों की पहचान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि गत 5 अप्रैल को राजगीर में आयोजित ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा 25 प्रैक्टिशनरों को प्रशंसा प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए चिकित्सकों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मेनिनजाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी के शुरुआती लक्षणों एवं प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी तथा बेचौनी जैसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा विशेषज्ञ चिकित्सक के पास भेज देना चाहिए। समय पर उपचार मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।संघ के मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार डॉ. सियासन प्रसाद ने सम्मेलन की सफलता पर सभी ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण है। बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, सचिव डॉ. संजय कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. श्याम किशोर प्रसाद, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. ओमप्रकाश, कुंदन कुमार, जिया–उल–हक, डॉ. निसार अहमद समेत सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शशि भूषण प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव हुआ संपन्न



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत शनिवार को हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव संपन्न हो गया।गुप्त मतदान के जरिए सदस्यों का चुनाव कराया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी (डीपीआरओ) संकेत कुमार के नेतृत्व में पूरी चुनावी प्रक्रिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में कराई गई। मतगणना के तुरंत बाद विजयी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई और डीपीआरओ ने सभी तीनों निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सा. ैंपकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव को लेकर सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन परिसर में सियासी हलचल तेज रही। इस रोमांचक चुनाव में तीन पदों के लिए पार्षदों ने मतदान किया। जिसमें वार्ड संख्या 17 के सुनिल कुमार ने वार्ड संख्या 13 के श्याम बालक साव को हराया। सुनील व श्याम बालक को नौ–नौ मत मिले।मत बराबरी के बाद अधिकारी के देखरेख में लॉटरी हुआ । जिसमें सुनील की विजय हुई।वहीं वार्ड संख्या 14 के अनिल कुमार ने वार्ड संख्या 15 के राजीव रंजन कुमार को शिकस्त दी। अनिल को 10 राजीव को 07 मत मिले। वार्ड संख्या 09 के सूरज कुमार ने वार्ड संख्या 02 के बबीता पांडे को पराजित किया। सूरज को 09 , बबीता को 08 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध घोषित किया गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच 18 पार्षदों ने अपने मतों का प्रयोग किया। नतीजों की घोषणा के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को समर्थकों ने फुल के माला पहनाकर बधाई दी। नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना है।इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संतोंष कुमार,शिशुपाल कुमार, रोहित कुमार उर्फ मिलन, पार्षद राकेश कुमार आदि ने बधाई दी है। वहीं चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त संपन्न कराने में डीपीआरओ के आलावा बीडीओ डॉ पंकज कुमार,बीपीआरओ उमेश कुमार,सीओ पुजा कुमारी,आरओ ऋतुरिम्मि, शिवेंदु सहित अन्य का अहम योगदान रहा।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# देश–विदेश में मोदी के नेतृत्व ने बढ़ाया भारत का मान दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने प्रधानमंत्री: राजेश कुमार

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने एवं जनसंपर्क अभियान पर हुई चर्चा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा की एक महत्वपूर्ण संग. ठनात्मक बैठक शनिवार को मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल ने किया। बैठक में संग. ठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे 31 मई को सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम ष्मन की बातष के 134वें संस्करण को अपने–अपने बूथों पर स्थानीय लोगों के साथ सामूहिक रूप से सुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं। साथ ही जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग कर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बूथ स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी बूथ स्तर पर किया जाएगा।




जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेन्द्र मोदी लगातार गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों तथा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सैकड़ों जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति और विरासत को वैश्विक पहचान दिलाते हुए भारत का सम्मान विश्व मंच पर बढ़ाया है। देश और विदेश में उनके नेतृत्व तथा कार्यशैली के कारण ही वे दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शामिल हुए हैं। आज देश के हर हिस्से में विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं और वर्ष 2014 से पहले तथा वर्तमान भारत के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ई. शैलेन्द्र कुमार, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, चंद्रकांता सिन्हा, छोटेलाल राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, तेजस्विता राधा, शिवशंकर दास, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, योगेंद्र मंडल, राजू माहुरी, रंजू कुमारी, जिला प्रोटोकॉल प्रभारी अमित गौरव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक जयराम कुमार यादव, जिला प्रवक्ता अमरकांत भारती, सोनू कुमार हिंदू, ललन कुमार, खुशबू कुमारी, शैलेन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष मंजय चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुशवाहा, विपीन झा, राजाराम, आईटी सेल जिला सह संयोजक आलोक रंजन, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विनय केशरी को भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी, क्षेत्र में खुशी की लहर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** बिहार प्रदेश भाजपा में समाजसेवी एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विनय केशरी को प्रदेश कार्यालय मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर इस्लामपुर एवं आसपास के कस्वाई क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। उनके समर्थकों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गणमान्य लोगों का कहना है कि विनय केशरी लंबे समय से संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी के प्रति वफादारी , पार्टी कार्यक्रमों में लगन के साथ उनकी मेहनत, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। इस नई जिम्मेदारी से पार्टी संगठन को अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक बृजमोहन केशरी ने भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विनय केशरी के मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विनय केशरी अपनी नई भूमिका में संगठन और समाज दोनों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे।बधाई देने वालों में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव , भाजपा नेता वीरेंद्र गोप , भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत केशरी , केशरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष मुन्ना केशरी , शिवनाथ केशरी , वीरेंद्र केशरी सहित कई सामा. जिक, राजनीतिक एवं युवा संगठन के प्रतिनिधि शामिल है । सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की। विनय केसरी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ–साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न, सातों सदस्य निर्वाचित गुप्त मतदान के जरिए हुआ निर्वाचन, विजयी उम्मीदवारों को दिलाई गई शपथ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 की धारा–24 के तहत बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के सात सदस्यीय गठन के लिए शनिवार को चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निर्धारित समय–सारणी के बीच गुप्त मतदान के माध्यम से सातों सदस्यों का निर्वाचन किया गया। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कर तत्काल परिणाम घोषित किए गए। इसके उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चुनाव परिणामों के साथ ही नगर निगम में सत्ता संतुलन और विकास कार्यों की नई रूपरेखा भी स्पष्ट हो गई है। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित कार्ययोजना लागू की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारंभिक दो घंटे के दौरान वार्ड पार्षदों की उपस्थिति दर्ज की गई और सातों पदों के लिए नाम. ांकन पत्र प्राप्त किए गए। इसके बाद आधे घंटे के भीतर नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया पूरी की गई। संवीक्षा के बाद मतपत्र तैयार किए गए और सदस्य संख्या एक से सात तक के पदों के लिए वार्ड पार्षदों ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद पदवार मतगणना शुरू कर दी गई। घोषित परिणामों के अनुसार सदस्य संख्या–1 के लिए संजय कुमार ने 25 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नरेश प्रसाद (22 मत) को पराजित किया। सदस्य संख्या–2 के लिए धनंजय कुमार ने 29 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी खालिद आलम को 17 मत मिले।सदस्य संख्या–3 के पद पर सरफराज अहमद ने 29 मत हासिल कर अंजनी कुमार (18 मत) को हराया। सदस्य संख्या–4 के लिए अंबिका सोनी ने 26 मत प्राप्त कर पुष्पा देवी (20 मत) को पराजित किया। इस पद के चुनाव में दो मत अमान्य घोषित किए गए। सदस्य संख्या–5 के लिए आसमा खातून ने 25 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि इस्मत प्रवीण को 21 मत मिले। सदस्य संख्या–6 के लिए विनोद रविदास ने 25 मत प्राप्त कर अली अहमद (20 मत) को पराजित किया। वहीं सदस्य संख्या–7 के लिए संजय कुमार ने 25 मत हासिल कर राज कुमार (21 मत) को हराते हुए सशक्त स्थायी समिति में अपनी जगह सुनिश्चित की। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद नव–निर्वाचित सदस्यों ने शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने तथा लंबित योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के गठन के बाद अब विकास योजनाओं और प्रशासनिक निर्णयों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडिस, छुतहरा भी झाड़ा जाता है
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)